दिनांक 21 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

यातायात को व्यवस्थित करने 18 नंबर रोड से पावर हाउस चौक एवं नंदनी रोड, शीतला कंपलेक्स तक रोड बाधा पहुंचाने वालों को हटाया गया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत यातायात के अधिक दबाव एवं सर्विस रोड पर रोड बाधा/अतिक्रमण करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है !कल दिनांक 20 जून 2019 को तोड़फोड़ दस्ता, उड़नदस्ता की टीम,नगर निगम के राजस्व विभाग की टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से मौर्य टॉकीज चौक से 18 नंबर रोड तक 22 दुकानों को बेदखल किया गया जिसमें से प्रमुख संस्थान जैसे इंडियन हीरो, मद्रास बिरियानी, मिर्ची रेस्टोरेंट के द्वारा लगाए गए अवैध होर्डिंग को जप्त किया गया इसी प्रकार 3 दर्शन मंदिर के सामने बांस बल्ली को जप्त किया गया, साक्षरता चौक के पास रेत को रोड के पास बिखेर कर रख दिया गया था , जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था को जप्त किया गया तथा ₹5000 रुपए दांडीक शुल्क भी लिया गया! आज 18 नंबर रोड से पावर हाउस चौक एवं नंदनी रोड शीतला कांप्लेक्स तक 58 दुकानों पर कार्यवाही करते बेदखल किया गया जिसमें प्रमुख स्थान अन्नपूर्णा मार्केट के ऑटो डीलर , महात्मा गांधीनगर, जनता मार्केट, पुराना रोजगार कार्यालय, पावर हाउस ओवरब्रिज के नीचे होर्डिंग जप्त किया गया एवं नंदनी रोड में सड़क बाधा शुल्क काटा गया तथा बेदखल कर कार्रवाई की गई एवं अर्थदंड शुल्क भी वसूला गया! जो भी दुपहिया वाहन बेतरतीब खड़े किए गए थे जो कि रोड बाधा पहुंचा रहे थे उन्हें यातायात विभाग के वाहनों मे रखकर चलानी कारवाही की गई! इस पूरी कार्रवाई के दौरान नगर पालिक निगम भिलाई की राजस्व विभाग की टीम, उड़नदस्ता की टीम, तोड़फोड़ दस्ता की टीम, यातायात विभाग के पुलिस बल आदि मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है, जल ही जीवन है